<u>एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 53वीं बैठक संपन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 26.04.2017 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 53वीं बैठक एमसीएल के निदेशक(कार्मिक) श्री एल. एन. मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इनके अतिरिक्त बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/ मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी,नामित राजभाषा अधिकारी/ सहायकगण के साथ-साथ भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा उपस्थित हुए

महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान/ राजभाषा/ मासंवि) ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में श्री त्रिपाठी ने क्षेत्रों एवं विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और बेहतर बनाने हेतु समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में करने पर बल दिया।

अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि एमसीएल राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है। इसके लिए राजभाषा लक्ष्यों के अनुरूप हमें अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करके अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन पर विशेष ध्यान केंद्रीत करना होगा।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई एवं मई,2017 सत्र की परीक्षा के संबंध में जानकारी दी गई।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),राजभाषा विभाग,मुख्यालय द्वारा बैठक के संचालन के साथ-साथ बैठक में उपस्थित अतिथियों/प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

MCL
राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक
26.04.2017
महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

बी.सी.त्रिपाठी
महाप्रबंधक
एल. एन. मिश्रा
निदेशक(कार्मिक)

बी.सी.त्रिपाठी
एल. एन. मिश्रा
निदेशक(कार्मिक)

एल. एन. मिश्रा
निदेशक(कार्मिक)